सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

दिनांक – 28.08.2023

एसओजी/सर्विलांस टीम जालौन एवं थाना कोतवाली माधौगढ़ व थाना रामपुरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी 5 घंटे में पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल होने पर अवैध असलाह सहित गिरफ़्तार।

दिनांक 28.08.2023 को कोतवाली माधौगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम कैलोर मे उम्र करीब 6 बर्षीय नाबालिक बालिका से दुष्कर्म की सूचना प्राप्त हुई, अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए नामज़द अभियुक्त हरेंद्र सिंह पुत्र अहिबरन सिंह नि0 कैलोर थाना कोतवाली माधौगढ़ जनपद जालौन को हैडलपुर गाँव के पास खेतों में लगातार दबिश देते हुए अभियुक्त की गिरफ़्तारी का प्रयास किया जा रहा था तो इस दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी,पुलिस टीम द्वारा आत्मसमर्पण की चेतावनी देते हुए आत्मरक्षार्थ फ़ायरिंग की गई जिससे अभियुक्त उपरोक्त गोली लगने से घायल हुआ। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उक्त पुलिस मुठभेड़ के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त हरेंद्र सिंह उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु ०अ०स०- 132/17 धारा- 380/411 भादवि थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन।
2. मु ०अ०स०- 227/17 धारा-110 जी एक्ट थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन।
3. मु ०अ०स०- निल/ 18 धारा- 3 यूपी गुंडा एक्ट थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन।
4. मु ०अ०स०- 66/19 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन।
5. मु ०अ०स०- 42/19 धारा- 352/504 भादवि थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन।
6. मु ०अ०स०- 90/20 धारा-6० आबकारी अधिनियम थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन
7. मु0अ0स0- 145/23 धारा-323,504,506 भादवि थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन।
8. मु0अ0स0- 181/23 धारा- 376(AB)/506 भादवि, 5(M/6) पॉस्को एक्ट थाना कोतवाली माधोगढ़ जनपद जालौन

गिरफ्तार/सहयोगार्थ करने वाली टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली माधौगढ मय टीम।
2. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय टीम।
3. प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुरा मय टीम।